**दिनांक : 29 /06/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेशेल्स ने दिया सर्वोच्च सम्मान 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन'
- सेशेल्स यात्रा के दौरान भारत ने की 1250 करोड़ रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट देने की घोषणा
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नीमच और शाजापुर में करेंगे सौर ऊर्जा पार्कों का उद्घाटन
- महिला टीम टी-20 विश्व कप से बाहर, पुरुष टीम आयरलैंड से टी-20 सीरीज हारी

## अब समाचार विस्तार से:—

**पीएम - सेशेल्स सम्मान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' दिया गया। सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हरमाइनी ने पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की सरकार और जनता का धन्यवाद देते हुए यह सम्मान जलवायु परिवर्तन से लड़ रहे सभी देशों को समर्पित किया। इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त राष्ट्र का 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार और सियोल शांति पुरस्कार मिल चुका है।

**सेशेल्स यात्रा समझौते**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा के दौरान भारत और सेशेल्स ने स्वास्थ्य, शिक्षा, अक्षय ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के बीच विक्टोरिया में हुई वार्ता में भारत ने सेशेल्स को 1,250 करोड़ रुपये की लाइन ऑफ क्रेडिट देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित किया और ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से भी मुलाकात की।

**सीएम- सौर ऊर्जा पार्क**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नीमच में 500 मेगावॉट और शाजापुर में 450 मेगावॉट के सौर पार्क का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर मुरैना की 440 मेगावॉट सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना का पॉवर परचेज एग्रीमेंट भी होगा, जो प्रदेश की पहली सोलर ऊर्जा भण्डारण परियोजना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी करीब 1593 करोड़ रुपये की औद्योगिक इकाइयों और विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी करेंगे।

**सीएम- बैतूल दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल बैतूल जिले के हिल स्टेशन कुकरू को बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 15 करोड़ रुपये की लागत से कुकरू, चिखलदरा, मुक्तागिरी और मेलघाट को जोड़ते हुए एकीकृत टूरिज्म सर्किट विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कुकरू में योगाभ्यास किया और पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ भी किया।

**राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन**

कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में गांवों की केंद्रीय भूमिका का उल्लेख किया है। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण विकास में तेजी लाने के लिए विकसित भारत ग्रामीण योजना के अंतर्गत राज्यों के हिस्से सहित एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है।

**राज्यपाल- खरगोन सिकलसेल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल खरगोन के झिरन्या में आयोजित सिकलसेल शिविर कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि "धरती आबा ग्राम उत्कर्ष

योजना" और "प्रधानमंत्री जनमन योजना" जनजातीय क्षेत्रों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। उन्होंने कार्यक्रम में ब्लड बैंक का शुभारंभ किया और दो एंबुलेंस तथा एक शव वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**अच्छी खबर- खरगोन**

स्वच्छ भारत अभियान को नई दिशा देते हुए खरगोन नगरपालिका ने धार्मिक आस्था, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। नगरपालिका शहर के मंदिरों से प्रतिदिन फूल एकत्रित करके फूलों की अगरबत्ती बना रही है। इस ख़ास अभियान की और अधिक जानकारी दे रहें हैं हमारे खरगोन संवाददाता आशुतोष पुरोहित

**सिंधिया- गुना बैठक**

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और पेयजल से जुड़ी विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने प्रेजेंटेशन के जरिए कूनो नदी पुनर्जीवन परियोजना, समृद्धि केंद्र और कार्डियक एम्बुलेंस सेवा जैसी योजनाओं की जानकारी दी।

**पोलियो अभियान**

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कल झाबुआ जिले में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय झाबुआ में बच्चों को पोलियो रोधक दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। झाबुआ जिले में दो लाख तेरह हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने के लिए ग्यारह सौ से ज्यादा टीमें तैनात की गई हैं। इसके साथ ही इंदौर, सागर, नीमच देवास, जबलपुर, खंडवा और मंदसौर सहित प्रदेश के सभी जिलो में अभियान का शुभारंभ किया गया।

**जीआई टैग**

प्रदेश की चार पारंपरिक कृषि उपजों- सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी, बैंगनी अरहर और छत्रिय धान को जीआई टैग मिल गया है। कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े ने कहा कि इससे इन

उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों में नई पहचान, कानूनी संरक्षण और बेहतर कीमत मिलेगी। ये चारों उपजें मुख्य रूप से डिंडोरी, मंडला, अनूपपुर, बालाघाट और शहडोल जैसे आदिवासी बहुल महाकौशल क्षेत्र में उगाई जाती हैं।

**जल गंगा अभियान समापन**

प्रदेश में 19 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का कल समापन होगा। समापन के मौके पर प्रदेश के सभी जिलों में जिले के प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति रहेगी। अभियान के दौरान जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और नदी पुनर्जीवन से जुड़े साढ़े तीन लाख से ज्यादा कार्य पूरे किए गए हैं। कल हर ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा भी होगी, जिसमें मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ा जाएगा और उत्कृष्ट योगदान देने वाले नागरिकों एवं संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।

**मौसम**

अब बात मौसम की। उज्जैन, देवास, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, मंडला और बालाघाट में आज भारी बारिश का अलर्ट है, यहां 24 घंटे में 4 इंच या इससे ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम विभा ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**आईसीसी ट्वेंटी-20**

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने लॉर्ड्स में ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 171 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर 172 रन बना लिए। वहीं आयरलैंड ने इतिहास रचते हुए पहली बार मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन भारत को टी-20 सीरीज में हरा दिया। बेलफास्ट में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में टीम इंडिया पर 1 रन से जीत हासिल करते हुए आयरलैंड ने सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **खंडवा** के सात शासकीय आईटीआई संस्थानों में सत्र 2026-27 की 1480 सीटों पर ऑनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार करने की अंतिम तिथि 30 जून है।

2- **मंदसौर** में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पिपलियामंडी में 1 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से 32 कैश काउंटर दुकानों और ग्राम गुड़भेली छोटी में सड़क का भूमि पूजन किया।

3- **डिंडौरी** जिले को एचपीवी (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है।

4- **इंदौर** में 45 दिवसीय 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' आवासीय प्रशिक्षण शिविर का कल समापन हुआ

5- **धार** वन मंडल के अंतर्गत  वन मंडल स्तरीय रूट शूट वृक्षारोपण तकनीक' प्रशिक्षण  का आयोजन किया गया।